AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

नियमित पीएचडी में प्रवेश के आवेदन आज से

ऑनलाइन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 16 जनवरी

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि और सहयुक्त महाविद्यालयों में नियमित पीएचडी कोर्स के लिए प्रवेश प्रक्रिया मंगलवार से शुरू कर दी गई। विद्यार्थी बुधवार से सत्र 2022-23 के लिए ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म भर सकेंगे। अंतिम तिथि 16 जनवरी है। वहीं पार्ट टाइम पीएचडी के लिए प्रवेश आवेदन प्रक्रिया भी जल्द शुरू की जाएगी।

विवि प्रशासन के अनुसार, ऑनलाइन आवेदन के लिए सामान्य, ओबीसी व ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए फॉर्म का शुल्क 2000 रुपये है। वहीं एससी-एसटी व दिव्यांग श्रेणी के लिए 1000 रुपये है। अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट पर एडमिशन पेज में जाकर आवेदन कर सकते हैं। मोबाइल से भी विवि की वेबसाइट पर जाकर या विवि का एप डाउनलोड करके भी आवेदन फॉर्म भर सकते हैं।

प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि फॉर्म भरने से पहले अभ्यर्थी सभी आवश्यक सूचनाएं रिवाइज्ड पीएचडी ऑर्डिनेंस 2020 को अवश्य पढ़ लें। इसमें दिए गए निर्देशों के अनुसार ही आवेदन करें। अभ्यर्थी यदि किसी आरक्षण का लाभ लेना चाहते है तो उसके प्रमाण पत्र की स्कैन कॉपी भी अपलोड करें। वहीं प्रवेश फॉर्म की फीस 72 घंटे के पहले दोबारा न जमा करें। असुविधा होने पर हेल्पलाइन नंबर 0522-4150500 पर सुबह 10 से शाम छह बजे तक संपर्क करें। जल्द ही विभागवार सीटों का ब्योरा वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा।

पार्ट टाइम पीएचडी में प्रवेश के लिए भी जल्द शुरू होगी आवेदन प्रक्रिया

दो महीने में दूसरी बार हो रहे पीएचडी प्रवेश

लविवि प्रशासन अपने यहां पीएचडी का सत्र नियमित करने की कवायद कर रहा है। यही वजह है कि सत्र 2021-22 की पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के दो महीने के अंदर ही सत्र 2022-23 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कोशिश यह है कि नए सत्र 2023-24 की यूजी, पीजी प्रवेश प्रक्रिया के साथ ही इस सत्र की पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया भी की जाए, ताकि पीएचडी का सत्र नियमित किया जा सके।

लविवि व संस्कृति विभाग मिलकर करेंगे काम

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। काकोरी स्मृति दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रेडियो जयघोष का उद्घाटन किया था। लखनऊ विवि व संस्कृति विभाग के रेडियो जयघोष के बीच मंगलवार को एक एमओयू किया गया। इसके तहत कला, संस्कृति, शिक्षा, सामाजिक क्षेत्र में दोनों संस्थान साथ मिलकर काम करेंगे और एक-दूसरे का सहयोग भी करेंगे।

इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्कृति और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश, सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से सबसे समृद्ध है। जरूरत अवसरों के उपयोग की है, जिसमें युवाओं को भागीदार होना है। इस कार्य में रेडियो जयघोष अहम कड़ी साबित होगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि विवि में प्रदेश के हर हिस्से से विद्यार्थी पढ़ने के लिए आते हैं। लविवि पूरे प्रदेश का प्रतिनिधित्व करता है। हमारे प्रयासों को समाज के बीच ले जाने, विद्यार्थियों की प्रतिभा को रेडियो जयघोष के रूप में नियमित अवसर हासिल मिलेंगे।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि अनुबंध के तहत संचालित गतिविधियों से प्रदेश की संस्कृति, परंपराओं और शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे विषयों के साथ ही शोध कार्यों पर विमर्श बढ़ेगा। रेडियो जयघोष संस्कृति विभाग की स्वायत्त इकाई, संगीत नाटक अकादमी में संचालित है। उन्होंने बताया कि अनुबंध के तहत रेडियो जयघोष के साथ विवि के शिक्षक व विद्यार्थी कार्यक्रम बनाने और प्रसारण की प्रक्रिया में सहभागी होंगे। संस्कृति विभाग के विशेष सचिव आनंद कुमार, एसएनए के सचिव तरुण राज, रेडियो जयघोष के कोऑर्डिनेटर दुर्गेश पाठक, मरीन सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

संस्कृति विभाग के रेडियो जयघोष के साथ लखनऊ विवि ने किया एमओयू

एमओयू के दौरान संस्कृति और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह और लविवि के कुलपति प्रो. आलोक राय। - संवाद

पर्यटन मंत्री को मिला पर्यटन एंबेसडर अवॉर्ड

लविवि के पर्यटन अध्ययन संस्थान की ओर से इस बार पर्यटन एंबेसडर अवॉर्ड-2022 प्रदेश में पर्यटन के संवर्धन व समृद्धि में कार्यों और समर्पित नेतृत्व के लिए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह को दिया गया।

NBT PAGE 5

16 जनवरी तक भर सकेंगे एलयू में पीएचडी के ऑनलाइन फॉर्म

■ **एनबीटी सं., लखनऊ :** एलयू में सत्र 2022-23 के लिए पीएचडी रेग्युलर के ऑनलाइन फॉर्म बुधवार से भरे जा सकेंगे। अभ्यर्थी को सारी जानकारियां स्पष्ट रूप से एलयू की वेबसाइट पर मिल जाएगी। वेबसाइट पर एडमिशन पेज पर जाना होगा। वहां से पीएचडी एडमिशन पर स्टेप फॉलो करने होंगे। एलयू की वेबसाइट या एलयू का ऐप डाउनलोड करके फॉर्म भर सकते हैं।

इन बिन्दुओं का रखें ध्यान

- ■ फार्म भरने के पूर्व एलयू की वेबसाइट पर अकेडमिक फोल्डर के अंतर्गत अकेडमिक प्रोग्राम के पेज पर लगा रिवाइजड पीएचडी ऑर्डिनेंस 2020 पढ़ लें। अन्य निर्देशों को भी अवश्य पढ़ लें।
- ■ अभ्यर्थी की फोटो की स्कैन कॉपी 50 केबी के अंदर हो।
- ■ सिग्नेचर की स्कैन कॉपी 50 केबी के अंदर हो।
- ■ आरक्षण का लाभ लेना है तो उसके प्रमाणपत्र की स्कैन कॉपी 50 केबी की हो।
- ■ किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर हेल्पलाइन नम्बर 0522-4150500 पर सुबह 10 से शाम 6 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

जयघोष पर अब एलयू की भी आवाज

■ **एनबीटी, लखनऊ:** संस्कृति विभाग के रेडियो जयघोष और लखनऊ विश्वविद्यालय के बीच मंगलवार को एमओयू हुआ। लविवि परिसर में संस्कृति और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह और कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय की उपस्थिति में अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। इसके माध्यम से उत्तर प्रदेश की संस्कृति, परंपराओं और शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे विषयों के साथ ही शोधकार्यों पर विमर्श बढ़ाया जाएगा।

इस समारोह में जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध है। रेडियो जयघोष के माध्यम से इसे जन जन तक पहुंचाया जाएगा। लविवि के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने कहा कि विश्वविद्यालय में प्रदेश के हर हिस्से से विद्यार्थी पढ़ने आते हैं। ऐसे में जयघोष रेडियो के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभा को नियमित अवसर हासिल होंगे। अनुबंध के तहत रेडियो जयघोष के साथ विश्वविद्यालय के प्रफेसर और विद्यार्थी कार्यक्रमों के निर्माण और प्रसारण की प्रक्रिया में भागीदार होंगे। इस अवसर पर संस्कृति विभाग के विशेष सचिव आनंद कुमार, उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के सचिव तरुण राज, रेडियो जयघोष के कोऑर्डिनेटर दुर्गेश पाठक, राधेश्याम दीक्षित, सुष्मित, समरीन सिद्दीकी सहित लखनऊ विश्वविद्यालय छात्र कल्याण की अधिष्ठाता, प्रो.पूनम टंडन सहित पर्यटन विषय के विद्यार्थी भी मौजूद रहे।

संस्कृति विभाग के रेडियो जयघोष और एलयू के बीच हुआ एमओयू

PIONEER PAGE 3

संस्कृति विभाग के रेडियो जयघोष व एलयू के बीच हुआ एमओयू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

काकोरी कांड स्मृति दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रेडियो जयघोष का उद्घाटन संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए किया था। इसी दिशा में मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय तथा मंत्री संस्कृति और पर्यटन जयवीर सिंह की उपस्थिति में संस्कृति विभाग के रेडियो जयघोष और लखनऊ विश्वविद्यालय के बीच एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। अनुबंध के जरिए कला, संस्कृति, शिक्षा, सामाजिक क्षेत्र में मिलकर सहयोग कार्य करने पर बढ़ावा दिया जाएगा।

इस अवसर पर संस्कृति और पर्यटन विभाग जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से सबसे समृद्ध है। जरूरत अवसरों के उपयोग की है, जिसमें युवाओं को भागीदार होना है। इस कार्य में रेडियो जयघोष अहम कड़ी साबित होगा। विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि विश्वविद्यालय में प्रदेश के हर हिस्से से विद्यार्थी पढ़ने के लिए आते हैं। एक तरह से विश्वविद्यालय पूरे प्रदेश का प्रतिनिधित्व करता है। हमें खुशी है कि हमारे प्रयासों को समाज के बीच ले जाने, विद्यार्थियों की प्रतिभा को रेडियो जयघोष के रूप में नियमित अवसर हासिल होंगे। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि अनुबंध के तहत संचालित गतिविधियों से प्रदेश की संस्कृति, परंपराओं और शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे विषयों के साथ ही शोधकार्यों पर विमर्श बढ़ेगा। ज्ञात हो कि रेडियो जयघोष संस्कृति विभाग की स्वायत्त इकाई उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में संचालित है। उन्होंने बताया कि अनुबंध के तहत रेडियो जयघोष के साथ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर्स और विद्यार्थी कार्यक्रमों के निर्माण और प्रसारण की प्रक्रिया में भागीदार होंगे। सीखने के साथ स्टूडेंट्स देश और प्रदेश के विशेषज्ञों के विचारों से परिचित होंगे। बता दे कि लखनऊ विश्वविद्यालय के पर्यटन अध्ययन संस्थान द्वारा इस वर्ष पर्यटन एम्बेस्डर एवार्ड-2022 उत्तर प्रदेश में पर्यटन के संवर्धन एवं समृद्धि में उल्लेखनीय कार्यों एवं समर्पित नेतृत्व के लिए जयवीर सिंह को दिया गया है। इस मौके पर संस्कृति विभाग के विशेष सचिव आनंद कुमार, उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के सचिव तरुण राज, रेडियो जयघोष के कोऑर्डिनेटर दुर्गेश पाठक, राधेश्याम दीक्षित, सुष्मित त्रिपाठी, समरीन सिद्दीकी सहित रेडियो जयघोष की टीम मौजूद रही।

पीएचडी के लिए ऑनलाइन आवेदन आज से

लखनऊ विश्वविद्यालय के पीएचडी रेगुलर सत्र 2022-23 के आनलाइन प्रवेश फॉर्म बुधवार से उपलब्ध होंगे। ऑनलाइन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 16 जनवरी 2023 है। जनरल, ओबीसी के लिए आवेदन शुल्क 2000 रुपए हैं। जबकि एससीए एसटी व दिव्यांग के लिए आवेदन शुल्क 1000 रुपए निर्धारित है। प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर प्रवेश सम्बन्धित सभी सूचनाएं प्राप्त कर सकते हैं।

HINDUSTAN PAGE 6

रैंकिंग में अंतरराष्ट्रीय छलांग लगाने की तैयारी में जुटा एलयू

उम्मीदें 2023

लखनऊ। कार्यालय संवाददाता

एलयू को साल 2022 में नैक की ए डबल प्लस रैंक की सौगात मिल चुकी है। अब विश्वविद्यालय ने क्यूएस अन्तराष्ट्रीय यूनिवर्सिटी रैंकिंग में आने की तैयारी के साथ नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) रैंकिंग में सुधार की कोशिश करेगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय को नैक ए डबल प्लस रैंक मिलने के बाद देश की बड़ी कम्पनी कैंपस आईं और छात्र-छात्राओं को प्लेसमेंट मिला। इसके साथ ही रिसर्च के क्षेत्र में कदम उठाए गए और छात्र और शिक्षक अनुपात को नई नियुक्तियों के माध्यम से सुधारा गया है। अब नए साल में नई उम्मीदें हैं। एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि साल 2023 में प्रमुखता विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय रैंकिंग में आगे ले जाना है। राष्ट्रीय रैंकिंग एनआईआरएफ में अभी विश्वविद्यालय टॉप 200 यूनिवर्सिटी में शामिल है। जिसे नए साल टॉप 100 में लाना है। इसके साथ ही प्रतिष्ठित अन्तरराष्ट्रीय क्यूएस रैंकिंग में विश्वविद्यालय को आगे ले जाना है। उपक्रम की महानिदेशक और एलयू की डीएसडब्लू प्रो. पूनम टण्डन ने कहा कि एनआईआरएफ रैंकिंग के लिए छह जनवरी से पहले आवेदन कर दिया जाएगा। पेपर वर्क पूरा गया है। वहीं क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के लिए फरवरी प्रथम सप्ताह में आवेदन किया जाएगा। प्रो. पूनम टण्डन ने उम्मीद जतायी की विश्वविद्यालय की वर्तमान सूरत को देखते हुए क्यूएस रैंकिंग बहुत अच्छी मिलेगी। उन्होंने बताया कि क्यूएस रैंकिंग में रिसर्च, एकेडमिक, सुविधाएं, प्लेसमेंट आदि का महत्व होता है। इनदिशाओं में एलयू ने अच्छी तैयारी कर रखी है।

200 टॉप यूनिवर्सिटी में एलयू राष्ट्रीय रैंकिंग एनआईआरएफ में

100 टॉप रैंकिंग में आने की इस साल तैयारी

नए साल में ऑनलाइन कोर्स शुरू हो सकते हैं

लखनऊ विश्वविद्यालय में नए साल में ऑनलाइन कोर्स संचालन शुरू हो सकते हैं। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि ऑनलाइन कोर्स संचालन के लिए यूजीसी को पत्र लिखा जा चुका है। पहले चरण में बीबीए और बीकॉम ऑनलाइन कोर्स शुरू करने की तैयारी है। इसके बाद भी अन्य ऑनलाइन कोर्स संचालन की दिशा में कदम उठाए जाएंगे।

एक साथ दो कोर्स की सुविधा शुरू हो जाएगी : उन्होंने बताया कि स्नातक और परास्नातक में अब पूरी तरह एनईपी लागू हो चुकी है। नए साल से छात्रों को एक साथ दो कोर्स करने की सुविधा मिलना शुरू होगी।

कृषि संकाय खोलने की दिशा में होगा काम

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि विश्वविद्यालय अन्य संकायों की तरह कृषि संकाय खोलने की दिशा में कदम उठा चुका है। कृषि संकाय के लिए भूमि की आवश्यकता है। जिसका प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। नए वर्ष में उम्मीद करते हैं कि एलयू का अपना कृषि संकाय होगा।

JAGRAN CITY PAGE III

पीएचडी कोर्स के लिए आवेदन आज से

लखनऊ विश्वविद्यालय : सत्र 2022-23 के लिए 16 जनवरी तक आवेदन का मौका

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय पीएचडी रेगुलर पाठ्यक्रम में सत्र 2022-23 में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया बुधवार से शुरू करेगा। अभ्यर्थी 28 दिसंबर से 16 जनवरी तक आनलाइन आवेदन कर सकेंगे। मंगलवार को विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसका विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है।

लविवि में पीएचडी का सत्र पटरी पर लाने के लिए काफी दिनों से प्रयास किया जा रहा था। हाल ही में सत्र 2021-22 पीएचडी प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की गई है। अब सत्र 2022-23 के लिए भी आवेदन प्रक्रिया शुरू की जा रही है। प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए आनलाइन आवेदन शुल्क दो हजार रुपये होगा। एससी-एसटी एवं दिव्यांग (फिजिकल हैंडीकैप्ड) श्रेणी के लिए एक हजार रुपये का शुल्क निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी फोटो की स्कैन कापी 50 केबी के अंदर हो। सिग्नेचर की स्कैन कापी 50 केबी के अंदर होनी चाहिए, यदि किसी आरक्षण का लाभ लेना है तो उसके प्रमाणपत्र की स्कैन कापी 50 केबी के अंतर्गत हो। अभ्यर्थियों को यह सलाह दी गई है कि प्रवेश फार्म की फीस जमा करने के बाद 72 घंटे के पहले दोबारा फीस न जमा करें।

रेडियो जयघोष के साथ प्रतिभा निखारने का मिलेगा मौका

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को अब रेडियो के माध्यम से भी अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलेगा। रेडियो जयघोष के साथ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर्स और विद्यार्थी कार्यक्रमों के निर्माण और प्रसारण की प्रक्रिया में भागीदार होंगे। रेडियो के यहां विद्यार्थी देश और प्रदेश के विशेषज्ञों के विचारों से परिचित होंगे। इसके लिए मंगलवार को लविवि एवं संस्कृति विभाग के रेडियो जयघोष के बीच एमओयू किया गया। समझौते पर संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह और कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने हस्ताक्षर किए। कुलपति ने पर्यटन के क्षेत्र में जयवीर सिंह के योगदान को देखते हुए पर्यटन एंबेसडर अवार्ड-2022 से सम्मानित किया।

बीते नौ अगस्त को काकोरी कांड स्मृति दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रेडियो जयघोष का उद्घाटन किया था। इसी दिशा में यह एमओयू किया गया है जिससे कला, संस्कृति, शिक्षा, सामाजिक क्षेत्र में मिलकर सहयोग कार्य करने पर बढ़ावा दिया जा सके। मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से सबसे समृद्ध है। जरूरत अवसरों के उपयोग की है जिसमें युवाओं को भागीदार होना है। इस कार्य में रेडियो जयघोष अहम कड़ी साबित होगा। कुलपति ने कहा कि लविवि में प्रदेश के हर हिस्से से विद्यार्थी पढ़ने के लिए आते हैं। एक तरह से विश्वविद्यालय पूरे प्रदेश का प्रतिनिधित्व करता है। हमें खुशी है कि हमारे प्रयासों को समाज के बीच ले जाने, विद्यार्थियों की प्रतिभा को रेडियो जयघोष के रूप में नियमित अवसर हासिल होंगे। अनुबंध के तहत रेडियो जयघोष के साथ विवि के विद्यार्थी कार्यक्रमों के निर्माण और प्रसारण की प्रक्रिया में भागीदार होंगे। सीखने के साथ स्टूडेंट्स देश और प्रदेश के विशेषज्ञों के विचारों से परिचित होंगे। अनुबंध के अवसर पर संस्कृति विभाग के विशेष सचिव आनंद कुमार, रेडियो जयघोष के कोऑर्डिनेटर दुर्गेश पाठक, राधेश्याम दीक्षित, सुष्मित त्रिपाठी, समरीन सिद्दीकी मौजूद रहीं।

लविवि व पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के रेडियो जयघोष के बीच एमओयू किया गया। कुलपति प्रो.आलोक राय व पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। - सांवि

रेडियो जयघोष के साथ लखनऊ विवि के मध्य हुआ करार

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 6

यूपी सांस्कृतिक व पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध : जयवीर

लखनऊ (एसएनबी)। काकोरी कांड स्मृति दिवस के अवसर पर 9 अगस्त 2022 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रेडियो जयघोष का उद्घाटन किया था। इसी को लेकर मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय तथा राज्यमंत्री संस्कृति और पर्यटन जयवीर सिंह की उपस्थिति में संस्कृति विभाग के रेडियो जयघोष और लखनऊ विश्वविद्यालय के बीच मंगलवार को एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि संस्कृति और पर्यटन विभाग के मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से सबसे समृद्ध है। जरूरत अवसरों के उपयोग की है, जिसमें युवाओं को भागीदार होना है। इस कार्य में रेडियो जयघोष अहम कड़ी साबित होगा। कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने कहा कि लविवि में प्रदेश के हर हिस्से से विद्यार्थी पढ़ने के लिए आते हैं। एक तरह से विश्वविद्यालय पूरे प्रदेश का प्रतिनिधित्व करता है। हमें खुशी है कि हमारे प्रयासों को समाज के बीच ले जाने, विद्यार्थियों की प्रतिभा को रेडियो जयघोष के रूप में नियमित अवसर हासिल होंगे। अनुबंध के तहत रेडियो जयघोष के साथ विवि के विद्यार्थी कार्यक्रमों के निर्माण और प्रसारण की प्रक्रिया में भागीदार होंगे। सीखने के साथ स्टूडेंट्स देश और प्रदेश के विशेषज्ञों के विचारों से परिचित होंगे। अनुबंध के अवसर पर संस्कृति विभाग के विशेष सचिव आनंद कुमार, रेडियो जयघोष के कोऑर्डिनेटर दुर्गेश पाठक, राधेश्याम दीक्षित, सुष्मित त्रिपाठी, समरीन सिद्दीकी सहित रेडियो जयघोष की टीम मौजूद रही।

- ■ रेडियो जयघोष व लखनऊ विवि के मध्य हुआ करार

पीएचडी रेगुलर ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म आज से

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के पीएचडी रेगुलर (सत्र 2022-23) के आनलाइन प्रवेश फॉर्म बुधवार 28 दिसंबर से जारी किए जा रहे है। ऑनलाइन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 16 जनवरी 2023 है।

i-NEXT PAGE 4

पीएचडी के लिए आनलाइन आवेदन

सत्र 2022-23 के लिए 16 जनवरी तक रहेगा आवेदन का मौका

LUCKNOW (27 Dec) : लखनऊ विश्वविद्यालय पीएचडी रेगुलर पाठ्यक्रम में सत्र 2022-23 में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया बुधवार से शुरू करेगा. अभ्यर्थी 28 दिसंबर से 16 जनवरी तक इसके लिए आनलाइन आवेदन कर सकेंगे. मंगलवार को विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसका विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है.

सत्र पटरी पर लाने का प्रयास

एलयू में पीएचडी का सत्र पटरी पर लाने के लिए काफी दिनों से प्रयास किया जा रहा था. हाल ही में सत्र 2021-22 पीएचडी प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की गई है. अब सत्र 2022-23 के लिए भी आवेदन प्रक्रिया शुरू की जा रही है. प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए आनलाइन आवेदन शुल्क दो हजार रुपये होगा. एससी-एसटी एवं दिव्यांग (फिजिकल हैंडीकैप्ड) श्रेणी के लिए एक हजार रुपये का शुल्क निर्धारित किया गया है. अभ्यर्थी फोटो की स्कैन कापी 50 केबी के अंदर होनी चाहिए. यदि किसी आरक्षण का लाभ लेना है तो उसके प्रमाणपत्र की स्कैन कापी 50 केबी के अंतर्गत हो. अभ्यर्थियों को यह सलाह दी गई है कि प्रवेश फार्म की फीस जमा करने के बाद 72 घंटे के पहले दोबारा फीस न जमा करें.

मोबाइल एप से भी भर सकते है आवेदन फार्म

अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एडमिशन पेज में पीएचडी एडमिशन पर जाकर प्रवेश संबंधी सभी सूचनाएं प्राप्त कर सकते है. एडमिशन फार्म अभ्यर्थी मोबाइल के माध्यम से भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर या एलयू का एप डाउनलोड करके भी भर सकते है. अवेदन फार्म भरते समय रिवाइज्ड पीएचडी एडमिशन आर्डिनेंस 2020 ध्यान से पढ़ने के लिए कहा गया है.

i CONNECT

Lucknow city की real time खबरों से update रहने के लिए Twitter पर फॉलो करें @inextlive डायरेक्ट follow करने के लिए scan करें यह QR Code.

एलयू के 21 छात्रों को मिला प्लेसमेंट

लखनऊ। बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग एलयू के प्रबंधन कौशल के एक प्रदर्शन में छात्रों ने उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक और आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज में 21 छात्रों का चयन हुआ। छात्रों का चयन चैनल सेल्स मैनेजर, रिस्क एनालिस्ट, प्रोडक्ट मैनेजर, एचआर एनालिटिक्स आदि पदों पर हुआ। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने 11 और उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस ने 10 छात्रों का चयन किया।

कला-संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए मंच

आयोजन

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय और संस्कृति विभाग रेडियो जयघोष कला, संस्कृति, शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में मिलकर काम करेगा। संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह और एलयू कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने मंगलवार को एमओयू साइन किया।

नौ अगस्त 2022 काकोरी कांड स्मृति दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रेडियो जयघोष का उद्घाटन संस्कृति के प्रचार प्रसार के किया था। इसी दिशा में लखनऊ विश्वविद्यालय और रेडियो जयघोष के बीच एमओयू किया गया। समझौते पर संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह और कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने हस्ताक्षर किए.

सीएम ने किया था उद्घाटन

बीते नौ अगस्त को काकोरी कांड स्मृति दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री संस्कृति को मिलकर बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद संस्कृति और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से सबसे समृद्ध है। जरूरत अवसरों के उपयोग की है जिसमें युवाओं को भागीदार होना है। इस कार्य में रेडियो जयघोष अहम कड़ी साबित होगा। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि रेडियो जयघोष संस्कृति विभाग की स्वायत्त इकाई उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में संचालित है। उन्होंने बताया कि अनुबंध के तहत रेडियो जयघोष के साथ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर्स और विद्यार्थी कार्यक्रमों के निर्माण और प्रसारण की प्रक्रिया में भागीदार होंगे। सीखने के साथ स्टूडेंट्स देश और प्रदेश के विशेषज्ञों के विचारों से परिचित होंगे।

मंत्री जयवीर सिंह को पर्यटन एम्बेसडर अवॉर्ड

प्रो. पूनम टण्डन ने बताया कि पर्यटन अध्ययन संस्थान, लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर प्रतिवर्ष पर्यटन एम्बेसडर अवार्ड उस व्यक्ति को प्रदान किया जाता है जिसका पर्यटन के क्षेत्र में अपना विशेष योगदान होता है। इस बार पर्यटन एम्बेसडर अवार्ड-2022, उत्तर प्रदेश में पर्यटन के संवर्धन एवं समृद्धि में उल्लेखनीय कार्यों एवं समर्पित नेतृत्व के लिए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह को दिया गया है।

एलयू:दूसरी बार पीएचडी प्रवेश आवेदन

लखनऊ , कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीएचडी प्रवेश सत्र को पटरी पर लाने के लिए एक साल में दूसरी बार पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। अभी हाल ही एलयू ने पीएचडी 2021-22 सत्र की प्रवेश प्रक्रिया पूरी की थी और अब सत्र 2022-23 के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे है।

सत्र 2022-23 के लिए पीएचडी प्रवेश आवेदन ऑनलाइन 28 दिसम्बर से शुरू होंगे और 16 जनवरी तक आवेदन किए जा सकेंगे। इससे पहले कुलसचिव ने विश्वविद्यालय के सभी विभागों और कॉलेज प्राचार्यों से सीटों को विवरण मांगा था। 28 दिसम्बर से शुरू होने वाल पीएचडी प्रवेश आवेदन के लिए सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अभ्यर्थियों को दो हजार एवं एससी-एसटी और दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थियों को एक हजार रुपए आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा करना होगा। प्रवेश परीक्षा सम्न्वयक प्रो. पंकज माथुर ने कहा कि आवेदन करने से पूर्व सभी अभ्यर्थी संशोधित पीएचडी अध्यादेश ध्यान से पढ़ लें।

खाली सीटें भी जुड़ेंगी नए सत्र की प्रवेश प्रक्रिया में

सत्र 2021-22 की प्रवेश परीक्षा छह और सात सितम्बर को हुई थी। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि सत्र 2021-22 जो सीटें खाली रह गई हैं, उन्हें सत्र 2022-23 की प्रवेश प्रक्रिया में जोड़ा जाएगा। कुलसचिव संजय मेधावी ने बताया कि 2022-23 में फुल टाइम और पार्ट टाइम कितनी सीटों पर प्रवेश लिए जाएंगे। ये स्थिति एक सप्ताह में साफ कर दी जाएगी।

AMRIT VICHAR PAGE 4

अनापत्ति के लिए 31 दिसंबर तक आवेदन का मौका

LUCKNOW (27 Dec) : शासन की ओर से नए डिग्री कालेजों एवं पूर्व में संचालित कालेजों में नए पाठ्यक्रमों एवं विषयों (बीएड को छोड़कर) सत्र 2023-24 के लिए अनापत्ति एवं सहयुक्तता की प्रक्रिया आनलाइन कर दी गई है. नए कोर्सों के लिए अनापत्ति के लिए 31 दिसंबर तक आवेदन का मौका है. इसी तहत कई कालेजों ने आनलाइन आवेदन कर दिया है. इन प्रस्ताव के भूमि संबंधी अभिलेखों का राजस्व विभाग से सत्यापन 31 जनवरी तक होगा. 15 फरवरी तक अनापत्ति आदेश आनलाइन जारी किया जाएगा. उसके बाद कालेजों को 22 फरवरी तक निरीक्षण मंडल के गठन के लिए आवेदन करना होगा. विश्वविद्यालय 28 फरवरी तक यह प्रक्रिया पूरी करेगा. विश्वविद्यालय सभी प्रक्रिया पूरी करते हुए 28 अप्रैल तक आनलाइन सम्बद्धता प्रदान करेगा. लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव संजय मेधावी की ओर से पत्र जारी किया जा चुका है.

रेडियो जयघोष के साथ अब प्रतिभा भी निखरेगी

लखनऊ विश्वविद्यालय और संस्कृति विभाग के रेडियो जयघोष के साथ हुआ एमओयू

LUCKNOW (27 Dec) : लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को अब रेडियो के माध्यम से भी अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलेगा. रेडियो जयघोष के साथ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर्स और विद्यार्थी कार्यक्रमों के निर्माण और प्रसारण की प्रक्रिया में भाग